रजत जयंती समारोह

डिसेबिलिटी एसेसमेंट एंड सर्टिफिकेशन शिविर का आयोजन

18 अगस्त 2023

चंडीगढ़। राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा अपने रजत जयंती समारोह के अवसर पर संस्थान परिसर में आज यहां के विशेषज्ञों के द्वारा डिसेबिलिटी एसेसमेंट एंड सर्टिफिकेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मलेरकोटला, पंजाब के ग्रामीण क्षेत्र से 32 बौद्धिक दिव्यांग एवं ऑटिस्टिक बच्चे उपस्थित हुए।

इस शिविर का उद्घाटन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ सुधीर कुमार गर्ग ने किया। डॉ गर्ग ने ग्रिड के द्वारा इस तरह के शिविर के आयोजन की सराहना की और बताया कि किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र अत्यावश्यक है। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया। बच्चों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन संस्थान के नैदानिक मनोवैज्ञानिक सुश्री ललिता, सुश्री सीमा एवं सुश्री सुरिंदर कौर ने किया। शिविर में बहुविशेषज्ञों की टीम, जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ, स्पेशल एजुकेटर, वाक् एवं श्रवण दोष विशेषज्ञ, फिजियोथैरेपिस्ट, ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट एवं चिकित्सीय समाज सेवक शामिल थे, के द्वारा भी दिव्यांगों का मूल्यांकन किया गया एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाये गए। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चे को स्वल्पाहार वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम में संस्थान के क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या वंदना सिंह, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ रवि केएम, प्रशासनिक अधिकारी जसपाल शर्मा, डॉ. एम. करुप्पास्वामी इत्यादि उपस्थित रहे।

डिसेबिलिटी एसेसमेंट एंड सर्टिफिकेशन शिविर का आयोजन

चंडीगढ़। राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा अपने रजत जयंती समारोह के अवसर पर संस्थान परिसर में यहां के विशेषज्ञों के द्वारा डिसेबिलिटी एसेसमेंट एंड सर्टिफिकेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मलेरकोटला, पंजाब के ग्रामीण क्षेत्र से 32 बौद्धिक दिव्यांग एवं ऑटिस्टिक बच्चे उपस्थित हुए। शिविर का उद्घाटन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ सुधीर कुमार गर्ग ने किया। डॉ गर्ग ने ग्रिड के द्वारा इस तरह के शिविर के आयोजन की सराहना की और बताया कि किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र अत्यावश्यक है। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया।

ग्रिड में डिसएबिलिटी असेसमेंट और सर्टिफिकेशन कैंप का आयोजन

एजुकेशन रिपोर्टर | चंडीगढ़

सिल्वर जुबली सेलिब्रेशंस के उपलक्ष्य में सेक्टर-31 स्थित गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट फॉर द रिहैब्लिटेशन ऑफ इंटलेक्चुअल डिसएबिलिटीज ने एक डिसएबिलिटी असेसमेंट और सर्टिफिकेशन कैंप आयोजित किया। इस कैंप में मलेरकोटला पंजाब के ग्रामीण क्षेत्र से 32 इंटलेक्चुअली डिसएबल्ड और ऑटिस्टिक बच्चों ने हिस्सा लिया।

इस कैंप का उद्घाटन जीएमसीएच-32 के मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ सुधीर कुमार गर्ग ने किया। डॉ गर्ग ने बताया कि किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए डिसएबिलिटी सर्टिफिकेट बेहद जरूरी है। कैंप में एक्सपर्ट्स की टीम जिसमें पेडियाट्रिशियंस, स्पीच एंड हियरिंग इंपेयर्ड स्पेशलिस्ट्स, स्पेशल एजुकेटर, फिजियोथैरेपिस्ट, ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट और हेल्थ कम्युनिटी से वॉलंटियर्स शामिल थे ने दिव्यांगों का मूल्यांकन किया और उनके डिसएबिलिटी सर्टिफिकेट बनाए।

मीडिया कवरेज

शिविर का उद्घाटन करते हुए जीएमसीएच 32 के मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ सुधीर कुमार गर्ग।

मुख्य अतिथि डॉ सुधीर कुमार गर्ग का स्वागत करते हुए संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रगण।

डॉ सुधीर कुमार गर्ग को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए संस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण।

शिविर के प्रतिभागियों का ग्रीड क्लीनिक के अधिकारियों के साथ समूह फोटो।